हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 23 JULY 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले में शामिल लोगों को त्वरित और कड़ी सज़ा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने की घोषणा की।

2. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों पर छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, इंडी गठबंधन को युवाओं की चिंता नहीं, छात्रों में भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डबवाली में वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर और सिरसा के नागरिक अस्पताल में इंटीग्रेटेड ड्रग रिकवरी सेंटर का लोकार्पण किया।

5. श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों से कहा, जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

====================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल लोगों को त्वरित और कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करेगी। उन्होंने छात्रों के भविष्य की रक्षा को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और भविष्य से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है।

प्रधानमंत्री का यह बयान परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच आया है। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पदाधिकारियों को इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

====================================

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना के माध्यम से पेपर लीक मामलों में सुनवाई में तेजी लाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि युवाओं का कल्याण और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार का संकल्प और सर्वोच्च प्राथमिकता है। युवाओं के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह निर्णय उन लोगों के खिलाफ है जो पेपर लीक के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं।

====================================

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्षी दल नीट परीक्षा पेपर लीक मामले पर बार-बार चर्चा से भाग रहे हैं और अपना रुख बदल रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार के लिए छात्रों का कल्याण सर्वोपरि है। विपक्षी दलों पर छात्रों के मुद्दों पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए श्री चौहान ने कहा कि वे केवल अराजकता फैलाना चाहते हैं और संसद के कामकाज में बाधा डालना चाहते हैं।

*माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा है। छात्रों के कल्याण से बढ़कर हमारे लिए कुछ नहीं है और इसलिए जिन्हें पेपर लीक जैसा अपराध किया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया जाएगा मुकदमा चलेगा सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। लेकिन विपक्ष को बच्चों से कोई लेना-देना नहीं है। नीट से भी लेना-देना नहीं है। वह केवल राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। लेकिन एनडीए, भारतीय जनता पार्टी, सरकार चर्चा चाहती है, चर्चा। मैं प्रतिपक्ष से आग्रह करता हूं कि वे आंए सदन के अंदर और चर्चा करें।*

====================================

आज संसद परिसर में भाजपा अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने विपक्ष के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि एनडीए सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य पर हर स्तर पर चर्चा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

*एनडीए की सरकार पूरी तरह से छात्र और युवाओं के भविष्य के लिए हर स्तर पर चर्चा को तैयार है। पर राहुल गांधी और कांग्रेस और संपूर्ण विपक्ष चर्चा से भाग रहे हैं। यह केवल स्टोन पेटल्स के रूप में युवाओं को देखते हैं। पर भारत और एनडीए की सरकार और नरेंद्र मोदी का विजन है कि हम पूरी तरह युवाओं को उनके सुनहरे भविष्य बनाने के* लिए संकल्पित हैं।

उधर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सरकार को छात्रों की मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

====================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि इंडी गठबंधन के नेताओं को युवाओं की चिंता नहीं है, बल्कि वे हर मुद्दे को राजनीति से जोड़कर माहौल खराब करना चाहते हैं।

सिरसा में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि और युवाओं को गुमराह किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। पत्रकारों के एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपनी जमीन खो चुके हैं और अब छात्रों के बीच भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब में एक्साइज इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए।

====================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिरसा जिले में दो परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।

उन्होंने चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव अभियान के तहत पौधारोपण किया और विश्वविद्यालय के प्रांगण से डबवाली में वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीन करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से तैयार हुआ है।

इस चिलिंग सेंटर की प्रतिदिन की क्षमता 20 हजार लीटर दूध भंडारण की है।

मुख्यमंत्री ने नागरिक अस्पताल में इंटिग्रेटिड ड्रग रिकवरी सेंटर का भी लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने बताया कि इस केंद्र के निर्माण पर 90 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

====================================

सिरसा में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी समयबद्ध तरीके से शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें और यदि किसी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्टाचार पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री के समक्ष कुल 19 शिकायतें रखी गई। उन्होंने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम से जुड़े एक मामले पर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका की जांच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने एक मामले में विजिलेंस जांच के आदेश दिए।अधिकतर शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया।

====================================

फरीदाबाद में जिला स्वास्थ्य विभाग ने तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत आज सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया।

इस दौरान दो दुकानों से हरियाणा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट बरामद की गई। जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि जब्त की गई ई-सिगरेट की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।

====================================